HINDUSTAN PAGE 6

एलयू में सीट आवंटन देखकर ऑनलाइन ही कर सकेंगे पुष्टि, डीफॉर्मा की तीसरी सूची भी जारी

एमकॉम समेत तीन कोर्स की सीटें आवंटित

दाखिले की दौड़

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी स्तर के दो पाठ्यक्रम और डीफॉर्मा के लिए सीट आवंटित कर दी गई हैं। इन पीजी कार्यक्रमों में अब 20 अगस्त तक फीस भर कर सीट कन्फर्म कर सकेंगे।

एलयू में पीजी प्रवेश 2023-24 के तहत एमकॉम कॉमर्स, एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स की ऑनलाइन काउंसलिंग के अन्तर्गत च्वाइस फिलिंग समाप्त हो चुकी है। इसके तहत कॉमर्स की पहली, एप्लाइड इकोनॉमिक्स की दूसरी और डीफॉर्मा की तीसरी आवंटन सूची जारी कर दी गई है।

प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि अभ्यर्थी एलयू की वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर अपने पूर्व में दिए गए लॉग इन व पासवर्ड के द्वारा उनको आवंटित सीट का विवरण देख सकते हैं। आवंटन सूची 22 अगस्त को द्वितीय परिसर स्थित विधि संकाय भवन में प्रत्यक्ष का सत्यापन किया जाएगा।

बीएससी दूसरे सेमेस्टर के प्रैक्टिकल 28 को : एलयू के भौतिक विज्ञान विभाग ने बीएससी दूसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। 28 अगस्त को प्रयोगात्मक परीक्षा होगी।

शिया में बीकॉम की काउंसलिंग आज : शिया पीजी कॉलेज में शनिवार को बीकॉम सेल्फ फाइनेंस ब्यायल व हल्वी के लिए काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा।

12 बजे रात तक कर सकते हैं सीट कन्फर्मेशन

02 पाठ्यक्रम पीजी और डीफार्मा के लिए सीट आवंटित की गई

एकेटीयू: कैस से एमटेक में अब 22 तक आवेदन

लखनऊ। एकेटीयू परिसर स्थित सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज (कैस) के एमटेक छात्रक्रम में अब 22 अगस्त तक आवेदन का मौका रहेगा। इत्तलिट प्रो. जेपी पांडेय ने बताया कि एमटेक की 90 सीटों के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। सीआईई में कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग स्पेशलाइजेशन इन मशीन लर्निंग साइबर सिक्योरिटी, मेकाट्रॉनेक्स, मैनुफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी एंड ऑटोमेशन में आवेदन कर सकते हैं।

आईटी कॉलेज में दूसरी मेरिट सूची 21 को

आईटी कॉलेज में सत्र 2023-24 परास्नातक प्रवेश के तहत काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। पहली मेरिट सूची के आधार पर छात्रओं की काउंसलिंग तत्काल दाखिले लिए जा रहे हैं। वहीं सीटों पात्रताओं के लिए दूसरी मेरिट लिस्ट 21 अगस्त को जारी की जाएगी। गौरतलब है कि कॉलेज में पीजी सत्र पर एमए अंग्रेजी, समाजशास्त्र, महिला अध्ययन, मूर्तोल व अर्थशास्त्र, एमएससी जूलॉजी, केमेस्ट्री, न्यूट्रीशियन, बायो-टेक्नोलॉजी कार्यक्रम संचालित हैं।

आफत: एलएलबी की एक सीट पर तीन-तीन दावेदार

320 सीटों पर केकेसी में एलएलबी में लेगा दाखिला

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए आवेदकों की भीड़ बढ़ती जा रही है। केकेसी, डीएवी और शिया पीजी कॉलेज में एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की एक सीट पर तीन दावेदार सामने आए हैं।

केकेसी, डीएवी और शिया पीजी कॉलेज में ही एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम संचालित है। केकेसी व शिया में एलएलबी की 320-320 और डीएवी डिग्री कॉलेज में 198 सीटें हैं। जिसमें एडमिशन के लिए कॉलेजों द्वारा वेबसाइट के माध्यम से लगातार ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं।

केकेसी के प्राचार्य प्रो. विनोद पंत्रा का कहना है कि एलएलबी की 320 सीट पर 1180 आवेदन आए हैं। डीएवी डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सुधांशु सिन्हा ने बताया कि 198 सीट पर 625 आवेदन आए हैं। शिया के प्रवेश समन्वयक डॉ. एमएस अबु तैय्यब के अनुसार 320 सीट पर 1200 आवेदन प्राप्त हो गए हैं।

रैगिंग की प्रॉक्टर ऑफिस में शिकायत करें

लखनऊ। एलयू के राष्ट्रीय सेवा योजना के विवेकानंद सभागार में एंटी रैगिंग सप्ताह का समापन व पुरस्कार वितरण आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि एडिशनल प्रॉक्टर डॉ. कमर इकबाल ने परिसर को रैगिंग मुक्त बताया। मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी ने बताया कि छात्र-छात्राएं रैगिंग संबंधित कोई भी समस्या कुलानुशासक कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं।

एलयू के 16 विद्यार्थियों का पीटीसी में चयन

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 16 विद्यार्थियों का पीटीसी इंडस्ट्रीज लिमिटेड में प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है। प्रशिक्षण के बाद उन्हें रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। सेन्ट्रल प्लेसमेंट सेल की निदेशक प्रो. मधुरिमा प्रधान ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में एमएससी के 55 विद्यार्थी शामिल हुए थे। छह महीने तक प्रशिक्षित किया जाएगा। उन्हें 20 हजार रुपए वजीफा दिया जाएगा।

विक्रम साराभाई के जीवन पर हुई चर्चा

लखनऊ। एलयू के रसायन विज्ञान विभाग में डॉ. विक्रम साराभाई के जन्मदिन शताब्दी समारोह के तहत भारतीय अंतरिक्ष सप्ताह मनाया गया। मुख्य सचिव कुलसचिव डॉ. विनोद सिंह ने डॉक्टर साराभाई की उपलब्धियों के बारे में बताया। विभागाध्यक्ष प्रो. अनिल मिश्रा के मुताबिक पीएचडी छात्र प्रखर मिश्रा ने भौतिकी के कुछ दिलचस्प पहलुओं के बारे में भी जानकारी दी।

स्नातक छात्रों को हॉस्टल आवंटन शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल आवंटन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए एलयू की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर एचएमएस पोर्टल से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन की अंतिम तिथि 24 अगस्त है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह ने बताया कि हॉस्टल का आवंटन प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर आरक्षण लगाते हुए किया जाएगा।

फास्ट फूड के उपभोग से किसानों का नुकसान

लखनऊ। एलयू के समाज कार्य विभाग और नेशनल एसोसिएशन ऑफ प्रोफेशनल सोशल वर्कर्स इन इंडिया द्वारा चतुर्थ राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह का आयोजन जारी है। इसके तहत शुक्रवार को हरित समाज कार्य पर वेबिनार रखा गया। प्रो. आर नलिनी ने हरित समाज कार्य के बारे में बात की। उनके मुताबिक फास्ट फूड के उत्पादन का ताप किसानों तक नहीं पहुंच पाता।

NBT PAGE 6 / NEXT PAGE 3

एलयू में सिर्फ 15 डिप्लोमा कोर्सों में मानक अनुसार आवेदन आए

आज से पीजी डिप्लोमा कोर्स में एडमिशन प्रोसेस की शुरुआत

मिशन एडमिशन

इस सत्र में सिर्फ 15 कोर्सों में आए मानक के अनुसार आवेदन

वे है नियम

ऐसे पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम जिसमें विद्यार्थित सीटें 30 और उससे अधिक हैं, वह तभी चलाने की अनुमति दी जाएगी जब न्यूनतम 20 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया हो. वहीं, जिन पीजी डिप्लोमा में सीटें 30 से कम हैं, वह केवल तभी संचालित होंगे, जब न्यूनतम 10 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया हो. इस हिसाब से 20 से ज्यादा डिप्लोमा कोर्स का संचालन नहीं होगा.

LUCKNOW (18 Aug): लखनऊ विश्वविद्यालय में पीजी डिप्लोमा कोर्सों में एडमिशन की प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो जाएगी. इस बार सिर्फ 15 डिप्लोमा कोर्सों में ही मानक के अनुसार आवेदन आए हैं. इनमें एडमिशन के लिए एडमिशन कोआर्डिनेटर प्रोफेसर पंकज माथुर की ओर से संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं. आवेदन करने वाले अभ्यर्थी सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं स्वयं: हस्ताक्षरित प्रतिलिपि के साथ संबंधित विषय के विभाग में न्यूनतम योग्यता की जांच के लिए विभागाध्यक्ष के कार्यालय में उपस्थित हों.

मानक अनुसार आवेदन नहीं

वर्तमान सत्र 2023-24 में पीजी डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश के लिए 24 अप्रैल से जुलाई के पहले सप्ताह तक आवेदन लिए गए थे. पर्याप्त समय देने के बाद भी आधे से ज्यादा डिप्लोमा कोर्सों में मानक के अनुसार आवेदन नहीं आए, इसलिए सिर्फ 15 डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश संबंधित निर्देश जारी किए गए हैं.

पीजी डिप्लोमा में एडमिशन

योग, पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन, पीजी डिप्लोमा डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन, पीजी डिप्लोमा काउंसलिंग, पीजी डिप्लोमा कर्म कांड, पीजी डिप्लोमा लिंग्विस्टिक्स, पीजी डिप्लोमा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, पीजी डिप्लोमा सोशल ड्युटीज इन ह्यूमन राइट्स, पीजी डिप्लोमा रिमोट सेंसिंग एंड जीएसटी, पीजी डिप्लोमा अरेबिक, प्रोफिसिएंसी अरेबिक, प्रोफिसिएंसी पर्शियन, सर्टिफिकेट प्रोफिसिएंसी इन फ्रेंच (रेगुलर), पीजी डिप्लोमा गर्भ संस्कार, डेटा एनालिटिक्स विथ स्टैटिस्टिकल फार सोशल साइंसेज. **ये हैं नियम :** ऐसे पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम जिसमें विज्ञापित सीटें 30 या उससे अधिक हैं। वह तभी चलाने की अनुमति दी जाएगी जब न्यूनतम 20 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया हो। वहीं, जिन पीजी डिप्लोमा में सीटें 30 से कम हैं, वह तभी संचालित होंगी, जब न्यूनतम 10 छात्र-छात्राओं ने प्रवेश लिया हो।

JAGRAN CITY PAGE III

लवि में पीजी डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश आज से

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक डिप्लोमा कोर्सों में दाखिले की प्रक्रिया शनिवार से शुरू हो जाएगी। इस बार सिर्फ 15 डिप्लोमा कोर्सों में ही मानक के अनुसार आवेदन आए हैं। इनमें प्रवेश के लिए एडमिशन कोआर्डिनेटर प्रोफेसर पंकज माथुर की ओर से संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी सभी मूल प्रमाण पत्र, अंक पत्र एवं स्वतः हस्ताक्षरित प्रतिलिपि के साथ संबंधित विषय के विभाग में न्यूनतम योग्यता की जांच के लिए विभागाध्यक्ष के कार्यालय में उपस्थित हों।

वर्तमान सत्र 2023-24 में पीजी डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश के लिए 24 अप्रैल से जुलाई के पहले सप्ताह तक आवेदन लिए गए थे। पर्याप्त समय देने के बाद भी आधे से ज्यादा डिप्लोमा कोर्सों में मानक के अनुसार आवेदन नहीं आए। इसलिए सिर्फ 15 डिप्लोमा कोर्सों में प्रवेश संबंधित निर्देश जारी किए गए हैं।

सभी विश्वविद्यालय बनाएं पेटेंट सेल

जासं, लखनऊ : उत्तर प्रदेश रैंकिंग एक्रेडिटेशन और मेंटरिंग केंद्र (उपक्रम) की ओर से शुक्रवार को "भारत का पांच ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना-उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालयों के लिए पेटेंट पोर्टफोलियो बनाना" शीर्षक से आनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें आइक्यूएसी निदेशकों, रैंकिंग सेल के निदेशकों और उत्तर प्रदेश के विभिन्न राज्य विश्वविद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाले संकाय सदस्यों ने प्रतिभाग किया।उपक्रम की महानिदेशक प्रो. पूनम टंडन ने सभी विश्वविद्यालयों के लिए पेटेंट सेल स्थापित करने और पेटेंट नीतियां बनाने के लिए कहा। प्रस्तुतिकरण ने पेपर प्रकाशन से पहले पेटेंट निकालने और पेटेंट या कापीराइट दाखिल करने के महत्व को भी रेखांकित किया। कार्यशाला में उपक्रम में एसोसिएट डायरेक्टर प्रोफेसर सतेंद्र पाल सिंह, प्रोफेसर संगीता साहू व कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

इन पीजी डिप्लोमा में होंगे दाखिले : योग, पीजी डिप्लोमा इन ट्रांसलेशन, पीजी डिप्लोमा डिजास्टर रिलीफ एंड रिहैबिलिटेशन, पीजी डिप्लोमा काउंसलिंग, पीजी डिप्लोमा कर्म कांड, पीजी डिप्लोमा लिंग्विस्टिक्स, पीजी डिप्लोमा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, पीजी डिप्लोमा सोशल ड्यूटीज इन ह्यूमन राइट्स, पीजी डिप्लोमा रिमोट सेंसिंग एंड जीएसटी, पीजी डिप्लोमा अरेबिक, प्रोफिसिएंसी अरेबिक, प्रोफिसिएंसी पर्शियन, सर्टिफिकेट प्रोफिसिएंसी इन फ्रेंच (रेगुलर), पीजी डिप्लोमा गर्भ संस्कार, डेटा एनालिटिक्स विथ स्टैटिस्टिकल फार सोशल साइंसेज (एसपीएसएस) में म्यूनेट्स योग्यता के अनुसार एडमिशन ले सकते हैं.

एलएलबी में नए विद्यार्थियों का सत्यापन 21 से

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में एलएलबी पांच वर्षीय कोर्स में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के अभिलेखों का सत्यापन द्वितीय परिसर स्थित विधि संकाय में 21 व 22 अगस्त को होगा। विधि संकाय के डीन प्रोफेसर बीडी सिंह ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया।

सत्यापन के लिए छात्र-छात्राओं को अपने साथ हाईस्कूल, इंटर की अंकतालिका, प्रमाण पत्र, टीसी एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, चरित्र प्रमाण पत्र, जाति एवं आय प्रमाण पत्र, दिव्य प्रमाण पत्र (यदि हो तो), अनाटमेंट लेटर, शुल्क पावती, भारण (वेटेज) प्रमाण पत्र यदि हो तो लाना होगा। सत्यापन की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शुरू होगी।

एलएलबी ऑनर्स कोर्स में 22 को होगा सत्यापन : एमए अंग्रेजी और अरब कल्चर में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं के अभिलेख सत्यापन 22 अगस्त को होगा। विभाग ने इसकी नोटिस जारी की है।

प्रायोगात्मक परीक्षा 28 को : लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी दूसरे सेमेस्टर फिजिक्स की प्रयोगात्मक परीक्षा 28 अगस्त को होगी। फिजिक्स विभाग के हेड प्रोफेसर एनके पांडेय ने इसका नोटिफिकेशन शुक्रवार को जारी किया। छात्र-छात्राएं विभाग के नोटिस बोर्ड पर अपने बैच व समय की जानकारी देख सकते हैं।

यूपी के 70% युवा यूट्यूब-व्हाट्सऐप पर बर्बाद कर रहे समय

सर्वे

लखनऊ, संवाददाता। यूपी के 70 फीसदी युवा यूट्यूब और व्हाट्सएप को पसंद करते हैं। जिसके चलते यूट्यूब और व्हाट्सएप पर उनका काफी समय बर्बाद हो रहा है। यह तथ्य एलयू और रीडिफ्यूजन द्वारा स्थापित भारत लैब के सर्वे में सामने आया है। यह सर्वे एलयू के प्रबंधन विभाग के शोधार्थियों ने प्रदेश के कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाले 16 से 25 वर्ष के 1100 विद्यार्थियों पर किया। भारत लैब ने यूथ की फिल टाइम किल टाइम आदतों पर रिपोर्ट जारी की है। कुलपति आलोक कुमार राय ने बताया कि रीडिफ्यूजन और एलयू की ओर से लॉन्च किए गए थिंक टैंक अपना टाइम आ गया शीर्षक से 'अपना टाइम आ गया' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि युवा किस तरह से अपना समय बर्बाद और किस तरह बेहतर इस्तेमाल कर रहे हैं। सर्वे के मुताबिक, 70 फीसदी युवा यूट्यूब और वॉट्सऐप पर समय बिताते हैं। एलयू के विजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की हेड प्रो. संगीता साहू ने बताया कि यह सर्वे बदलती प्राथमिकताओं और अवसरों का संकेत है। इस दौरान रीडिफ्यूजन के अध्यक्ष डॉ. संदीप गोयल और मुख्य रणनीति अधिकारी दिव्यांशु भटेरिया भी मौजूद रहे।

1100 विद्यार्थियों पर भारत लैब ने किया सर्वे

घरेलू काम को देते हैं दो घंटे

16-25 वर्ष की आयु के युवाओं पर यह किया गया है। स्नातक या स्नातकोत्तर में युवा करने वाले 43% युवा कॉलेज व ट्यूशन में 4 से 8 घंटे बिताते हैं। वहीं 76% युवा घरेलू काम और घर के आसपास मदद करने में केवल दो घंटे का समय देते हैं।

अध्ययन से युवाओं को समझने में मिलेगी मदद

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय का कहना है कि यह अध्ययन इस बात को समझने के लिए नए रास्ते खोलता है कि भारत के युवा अपना समय कैसे व्यतीत करते हैं और किस मीडिया का उपयोग करते हैं। वहीं रीडिफ्यूजन के अध्यक्ष डॉ. संदीप गोयल का कहना था कि वर्तमान में युवाओं को समझने में मिलेगी मदद

सोशल मीडिया का उपयोग : 56% लोग मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। फिल्में, वेब श्रृंखला और संगीत पसंद लगभग 60% युवा अन्य प्रकार की सामग्री की तुलना में फिल्में और वेब सीरीज देखना पसंद करते हैं। इसके अलावा संगीत भी पसंद है। 22% लोग नियमित रूप से टेलीविजन पर धारावाहिक देखते हैं।

खाली समय में यूट्यूब पसंद: सोशल मीडिया की बात होती है तो समाचार, शैक्षिक सामग्री और समसामयिक मामलों यूट्यूब पहली पसंद है। वहीं 16% लोग समाचार और सामसामयिक मामलों के लिए टेलीविजन देखते हैं। लगभग 23% समाचार पत्र और पत्रिकाएं पढ़ते हैं। वहीं 60% लोग वेबसाइटों और फोन एप पर समाचारों को पढ़ना पसंद कर रही है। 32% नियमित रूप से ऑनलाइन स्ट्रीमिंग खेल देखते हैं।

AMRIT VICHAR PAGE 7

एलयू में स्थापित होगी पेटेंट सेल : प्रो. पूनम

लखनऊ। सभी राज्य विश्वविद्यालयों को पेटेंट सेल की स्थापना करनी चाहिए। विवि में शोध पत्रों और इनोवेशन के पेटेंट के लिए एक नीति तैयार करनी चाहिए। ये बातें प्रो. पूनम टंडन ने कहीं। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश रैंकिंग, एक्रेडिटेशन और मेंटरिंग केंद्र (उपक्रम) द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय भारत का 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना-उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालयों के लिए पेटेंट पोर्टफोलियो पर था।

पांच वर्षीय लॉ का डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 21 व 22 को

अमृत विचार, लखनऊ : एलयू के विधि पांच वर्षीय पाठ्यक्रम में नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं के अभिलेख सत्यापन की तारीख जारी कर दी गई है। 21 व 22 को द्वितीय परिसर स्थित विधि संकाय भवन में सुबह 11 बजे से प्रवक्ता का सत्यापन किया जाएगा।

डी फार्मा के लिए तीसरी आवंटन सूची जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लविवि में पीजी स्तर के दो पाठ्यक्रम व डीफॉर्मा के लिए सीट आवंटित कर दी गई है। इन पीजी कार्यक्रमों में अब 20 अगस्त तक फीस भर कर सीट कन्फर्म कर सकेंगे। एलयू में पीजी प्रवेश 2023-24 के तहत एमकॉम कॉमर्स व एमकॉम एप्लाइड इकोनॉमिक्स की ऑनलाइन काउंसलिंग के अन्तर्गत नाइस फिलिंग समाप्त हो चुकी है। इसके तहत कॉमर्स की पहली, एप्लाइड इकोनॉमिक्स की दूसरी ओर टीफोगों की तीसरी आवंटन सूची जारी कर दी गई है। अभ्यर्थी वेबसाइट के एडमिशन पेज पर जाकर अपने पूर्व में दिए गए लॉग इन व पासवर्ड के द्वारा उनको आवंटित सीट का विवरण देख सकते हैं।

70 फीसदी युवा व्हाट्सएप-यूट्यूब पर दे रहे समय

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

अमृत विचार : यूपी के 70 फीसदी युवा यूट्यूब और व्हाट्सएप को पसंद करते हैं। जिसके चलते यूट्यूब और व्हाट्सएप पर उनका काफी समय बर्बाद हो रहा है। यह तथ्य एलयू और रीडिफ्यूजन द्वारा स्थापित भारत लैब के सर्वे में सामने आया है। यह सर्वे एलयू के प्रबंधन विभाग के शोधार्थियों ने प्रदेश के कस्बों और ग्रामीण क्षेत्रों में कॉलेज जाने वाले 16 से 25 वर्ष के 1100 विद्यार्थियों पर किया। भारत लैब ने यूथ की फिल टाइम किल टाइम आदतों पर रिपोर्ट जारी की है। कुलपति आलोक कुमार राय ने बताया कि रीडिफ्यूजन और एलयू की ओर से लॉन्च किए गए थिंक टैंक अपना टाइम आ गया शीर्षक से 'अपना टाइम आ गया' शीर्षक से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि युवा किस तरह से अपना समय बर्बाद और किस तरह बेहतर इस्तेमाल कर रहे हैं। सर्वे के मुताबिक, 70 फीसदी युवा यूट्यूब और वॉट्सऐप पर समय बिताते हैं। वहीं 24% आबादी अपने खाली समय में टेलीविजन देखना पसंद करती है। जबकि अन्य लोग सोशल और ऑनलाइन मीडिया पर समय बर्बाद करना पसंद करते हैं। सर्वे में सामने आया कि 56% लोग मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। लगभग 70% अन्य प्लेटफार्मों की तुलना में यूट्यूब और व्हाट्सएप को पसंद कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 50% युवा अन्य प्रकार की सामग्री की तुलना में फिल्में और वेब सीरीज देखना पसंद करते हैं। इसके अलावा संगीत भी पसंद है। 22% लोग नियमित रूप से टेलीविजन पर धारावाहिक देखते हैं।

मंथन

- लखनऊ विश्वविद्यालय में 18 से 25 वर्ष तक के स्नातक व परास्नातक के छात्रों से उनकी दिनचर्या को लेकर हुई चर्चा

रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट में दिया गया है कि 18% युवा सप्ताहांत में दोस्तों और विस्तारित परिवार के साथ चार घंटे से अधिक समय बिताते हैं। सर्वे में सामने आया है कि 87% युवा मनोरंजन या समाचार के लिए रेडियो का उपयोग नहीं कर रहा। वहीं 24% आबादी अपने खाली समय में टेलीविजन देखना पसंद करती है। जबकि अन्य लोग सोशल और ऑनलाइन मीडिया पर समय बर्बाद करना पसंद करते हैं। सर्वे में सामने आया कि 56% लोग मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। लगभग 70% अन्य प्लेटफार्मों की तुलना में यूट्यूब और व्हाट्सएप को पसंद कर रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में 50% युवा अन्य प्रकार की सामग्री की तुलना में फिल्में और वेब सीरीज देखना पसंद करते हैं। इसके अलावा संगीत भी पसंद है। 22% लोग नियमित रूप से टेलीविजन पर धारावाहिक देखते हैं।

स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश पाने वाले छात्रों को हॉस्टल का आवंटन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के हॉस्टल आवंटन के लिए प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसमें बीए, बीएससी (मैथ्स), बीएससी (बायो), बीकाम, बीकाम (ऑनर्स), बीबीए, एलएलबी (ऑनर्स), बीबीए, बीएफए, डी-फार्मा, एवं बीसी ए प्रथम सेमेस्टर के इच्छुक विद्यार्थी एचएमएस ,(ऑनलाइन पोर्टल) पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 24 अगस्त है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो अनूप कुमार सिंह ने बताया कि हॉस्टल का आवंटन इन विद्यार्थियों की प्रवेश परीक्षा की मेरिट के आधार पर नियमानुसार आरक्षण लगाते हुए किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों को सूचना एवं निर्देश विद्यार्थियों को उनके मेल आई डी पर भेज दिया जाता है।

76 प्रतिशत युवा इंटरनेट मीडिया पर बर्बाद करते हैं अपना समय

लवि की भारत लैब ने हाल में 1,100 विद्यार्थियों पर किया सर्वे

जागरण संवाददाता, लखनऊ : भारत के टियर 2 और थ्री बाजारों एवं भीतरी इलाकों के गांवों से उपभोक्ताओं को ट्रैक करने के लिए रेडिफ्यूजन और लखनऊ विश्वविद्यालय ने लॉच किया। एक थिंक टैंक ने 'अपना टाइम आ गया' शीर्षक से लॉच किए गए थिंक टैंक ने 'अपना टाइम आ गया' शीर्षक से शुक्रवार को एक रिपोर्ट जारी की है। भारत में युवा द्वारा नष्ट किए जाने वाले समय पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि उनकी खेलों में रुचि कम हो रही है। सिर्फ 24 प्रतिशत युवाओं की आबादी अपने खाली समय में टेलीविजन देखना पसंद करती है। 76 प्रतिशत लोग इंटरनेट मीडिया और अन्य आनलाइन माध्यमों पर समय बिताना पसंद करते हैं।

यह रिपोर्ट अगस्त 2023 के दौरान भारत के कस्बों और गांवों में कालेज जाने वाले ग्यारह सौ छात्र-छात्राओं के बीच मीडिया उपभोग की आदतों पर किए गए शोध का परिणाम है। रेडिफ्यूजन के अध्यक्ष डा. संदीप गोयल के अनुसार, यूट्यूब और वाट्सएप की प्रधानता उपयोग में उनकी सर्वव्यापकता को दर्शाती है। बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग की प्रमुख प्रो. संगीता साहू ने बताया कि भारत में युवाओं पर हमारे शोध के निष्कर्ष पुरुषों और महिलाओं के लिए बदलती प्राथमिकताओं और अवसरों के संकेत हैं। इसे गंभीरता से लेने की जरूरत है।

युवा इस तरह नष्ट करते हैं समय

सामाजिक मेलजोल-केवल 18 प्रतिशत युवा सप्ताह के दिनों के साथ-साथ सप्ताह के अंत में भी दोस्तों और परिवार के साथ चार घंटे से अधिक समय बिताते हैं। 87 प्रतिशत हिस्सा मनोरंजन या समाचार के लिए रेडियो का उपयोग नहीं करता। केवल 24 प्रतिशत आबादी अपने खाली समय में टेलीविजन देखना पसंद करती है।

इंटरनेट मीडिया : 56 प्रतिशत आबादी मनोरंजन के लिए इंटरनेट मीडिया का उपयोग करती है। लगभग 70 प्रतिशत अन्य प्लेटफार्मों की तुलना में यूट्यूब और वाट्सएप को पसंद करते हैं। भारत में 70 प्रतिशत युवा कभी भी फेसबुक का उपयोग नहीं करते या बहुत कम करते हैं। मनोरंजन प्लेटफार्म में यूट्यूब पसंदीदा मंच है। लगभग 23 प्रतिशत समाचार पत्र और पत्रिकाएं पढ़ते हैं।

समय का सदुपयोग करने वाले युवा : 16-25 वर्ष की आयु वाले 43 प्रतिशत युवा चार से आठ घंटे यूजी, पीजी कक्षेत्र या ट्यूशन में बिताते हैं।

घरेलू कामकाज : 76 प्रतिशत युवा घरेलू काम और घर के आसपास मदद करने में दो घंटे तक का समय बिताते हैं।

खेल : केवल 15 प्रतिशत महिलाएं और 35 प्रतिशत पुरुष अपने खाली समय में अन्य गतिविधियों की तुलना में शारीरिक खेल चुनते हैं।

युवाओं पर यह अध्ययन समझने के लिए नए रास्ते खोलता है कि वे अपना समय कैसे व्यतीत करते हैं। किस माध्यम का उपभोग करते हैं। कइ कारपोरेट निर्णय निर्माताओं को युवा ग्राहकों को उनके उत्पादों को बेहतर ढंग से समझने, निवेश की योजना में सक्षम बनाएगा।
प्रो. आलोक कुमार राय, , कुलपति, लवि

छोटे बच्चों पर भी ध्यान देने की जरूरत

तीन से 10 साल के बच्चों के लिए स्क्रीन समय एक घंटे से अधिक न दे। स्क्रीन समय माता-पिता के मार्गदर्शन में होना चाहिए। कंप्यूटर स्क्रीन से 50 सेमी, टैबलेट घर्नल कंप्यूटर के लिए 40 सेमी और स्मार्टफोन के लिए 30 सेमी से कम की दूरी न रखें। टीवी की जितना अधिक हो सके उतनी दूर से देखना बेहतर होगा। बच्चों को फरीब 30 मिनट तक पढ़ने व स्क्रीन उपयोग के बाद, 20-30 सेकंड का आराम जरूर दें।
-डा. टेक्सीथ सुवल, मनोचिकित्सक, कैसर संस्थान।

THE PIONEER PAGE 4

Majority of youth use social media for entertainment: Study

PNS ■ LUCKNOW

The Bharat Lab and the University of Lucknow released a report titled 'Apna Time Aa Gaya', a study on how the youth in India spend their time. This report was conducted amongst 1,100 college-going students in towns and villages of India during August. The study was carried out on youth in the age group of 16-25 years in north India.

The report shows that a good 87% of the sample population does not access the radio for entertainment or news. Just 24% of the population prefers watching television in their leisure time, while others would rather kill time on social and other online media. While 56% of the sample population consume social media for entertainment, close to 70% prefer YouTube and WhatsApp to other platforms. 70% of the youth in Bharat never or rarely use Facebook. YouTube has emerged as the winner in rural areas as well, as 50% of them in villages report consuming YouTube regularly for entertainment, over and above all other platforms. Since the sample population is in the age group of 16-25 years, 43% spend 4-8 hours in undergraduate or post-graduate colleges or tuitions. 76% of the youth spend only up to two hours doing household chores and helping around the house. Only 15% of women and 35% of men choose physical sports over other activities in their leisure time.

Vice-Chancellor of Lucknow University Prof Alok Kumar Rai said, "This study on the youth in India opens up newer avenues for understanding how they spend their time and what media they consume. It will empower corporate decision makers to better understand younger customers, design their products and more efficiently plan what media to invest in."

"Our research findings on the youth in India are indicative of changing preferences and opportunities for men and women. We have managed to capture a very progressive India, that is reflected in the report," head of the department of business administration Prof Sangeeta Sahu said.

PIONEER PAGE 4

राज्य विश्वविद्यालयों में हो पेटेंट सेल: प्रो. टंडन

लखनऊ। उपक्रम की महानिदेशक व लखनऊ विश्वविद्यालय की डीन स्टूडेंट वेलफेयर ने कहा है कि सभी राज्य विश्वविद्यालयों को पेटेंट सेल की स्थापना करनी चाहिए। विवि में शोध पत्रों और इनोवेशन के पेटेंट के लिए एक नीति तैयार करनी चाहिए। लखनऊ विश्वविद्यालय के मंथन कक्ष में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश रैंकिंग, एक्रेडिटेशन और मेंटरिंग केंद्र द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय भारत का 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ना-उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालयों के लिए पेटेंट पोर्टफोलियो पर था। जिसमें ऑनलाइन माध्यम से प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों के संकाय सदस्यों, आईक्यूएसी सेल के निदेशक शामिल हुए। उपक्रम की महानिदेशक प्रो पूनम टंडन ने बताया कि किसी भी विश्वविद्यालय को अपने शिक्षकों को रिसर्च व इनोवेशन करने के बाद उसका पेटेंट लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।